# भाषा योग्यता हिन्दी ( भाग-द )

171. कौन-सा शब्द 'पत्नी' का समानार्थी नहीं है?
(A) भर्ता (B) कान्ता
(C) भार्या (D) अर्द्धांगिनी (A)

172. कौनसा शब्द 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) शारदा (B) भारती
(C) वाणी (D) पद्मा (D)

173. 'शुष्क' शब्द का विलोम है-
(A) तरल (B) अल्प
(C) चेतन (D) आर्द्र (D)

174. 'नदी' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-
(A) सरिता (B) कलापी
(C) तटिनी (D) तरंगिणी (B)

175. 'अनुराग' का विलोम है-
(A) अर्क (B) द्वेष
(C) विराग (D) राग (C)

176. 'सुगम' शब्द का विलोम है-
(A) दुर्गम (B) अगम
(C) आगम (D) दुर्लभ (A)

177. 'अन्वेषण' शब्द का सही अर्थ है-
(A) किसी रोग के निदान की खोज।
(B) किसी स्थान की खोज।
(C) किसी नवीन युक्ति की खोज।
(D) किसी समस्या पर शोध-कार्य। (C)

178. कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(A) अन्त:द्वंद्व (B) अर्न्तद्वन्द
(C) अन्तरद्वंद (D) अन्तर्द्वन्द्व (D)

179. कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(A) पुरुस्कार (B) पुरष्कार
(C) पुरस्कार (D) पुरुष्कार (C)

180. शुद्ध शब्द है-
(A) संयासी (B) संन्यासी
(C) सन्यासी (D) शंयासी (B)

181. यदि वह नहीं पढ़ेगा तो उसे काम करना पड़ेगा। वाक्य है-
(A) कर्मवाच्य वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) सरल वाक्य (D) मिश्र-वाक्य (D)

182. उसके पास पैसे नहीं थे इसलिए वह भूखा ही रह गया। वाक्य है-
(A) संयुक्त वाक्य (B) कर्तृवाच्य वाक्य
(C) सरल वाक्य (D) मिश्र वाक्य (A)

183. छि:छि:! तुम्हारे हाथ कितने गंदे हैं। वाक्य है-
(A) निषेधात्मक (B) विस्मयादि-बोधक
(C) कर्तृवाच्य (D) भाववाच्य ()

184. 'पुनर्जन्म' शब्द का संधि-विच्छेद है-
(A) पुनि+जन्म (B) पुन+जन्म
(C) पुन+र्जन्म (D) पुन:+जन्म (D)

185. 'लघूत्तर' शब्द का संधि-विच्छेद है-
(A) लघु+उत्तर (B) लघो+उत्तर
(C) लघ:+उत्तर (D) लघू+उत्तर (A)

186. 'जानने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-
(A) ज्ञानप्रिय (B) ज्ञानी
(C) ज्ञानेच्छुक (D) जिज्ञासु (D)

187. 'नीति से संबंध रखने वाला' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-
(A) नीति निर्धारक (B) नैतिक
(C) नीतिज्ञ (D) नीतिवान (B)

188. 'दंस-दंश' युग्म का सही अर्थ-युग्म है-
(A) डसना-दस (B) डंक-चुभन
(C) विष-दाँत (D) हिस्सा-रावण (B)

189. 'कृमि-कर्मी' युग्म का सही अर्थ-युग्म है-
(A) लेखक-पुस्तक (B) कीड़ा-कर्मचारी
(C) क्रीड़ा-खिलाड़ी (D) परिश्रमी-किसान (B)

190. 'अर्चना' शब्द का सही अर्थ है-
(A) अन्तर्मन से आराधना
(B) बाह्य उपकरणों से सम्मान।
(C) सविधि-भाव प्रधान सत्कार।
(D) मत विशेष के अनुसार धर्माचार। (C)

191. 'तूं डाल-डाल मैं पात-पात' लोकोक्ति का अर्थ है-
(A) हार न मानना। (B) अधिक तेज होना।
(C) दूसरे को प्रतिस्पर्धा में हराना।
(D) एक-दूसरे से बढ़कर। (D)

192. 'आगे कुआं, पीछे खाई', लोकोक्ति का अर्थ है-
(A) अनिर्णय की स्थिति। (B) चारों ओर कठिनाई।
(C) दोनों ओर संकट।
(D) आगे बड़ा, पीछे छोटा संकट। (C)

193. 'अध्यादेश' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(A) अति (B) आ
(C) अध: (D) अधि (D)

194. 'निष्कलंक' शब्द का सही संधि-विच्छेद है-
(A) निष-अलंक (B) नि:+कलंक
(C) निष+कलंक (D) निष्क+लंक (B)

195. 'सज्जन' शब्द में उपसर्ग है-
(A) सन् (B) स
(C) सत् (D) सम् (C)

196. 'हरीतिमा' शब्द में प्रत्यय है-
(A) इमा (B) आ
(C) इ (D) तिमा (A)

197. 'दुखिया' शब्द में प्रत्यय है-
(A) आ (B) ई
(C) इया (D) इमा (C)

198. 'कान पकड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(A) बुरा काम न करने की प्रतिज्ञा करना।
(B) क्षमा मांगना। (C) गलती स्वीकारना।
(D) डराना। (A)

199. 'बाल की खाल निकालना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) रहस्य जानने की कोशिश करना।
(B) अनावश्यक बारीकी में जाना।
(C) व्यर्थ परिश्रम करना।
(D) बालों को नौचना। (B)

200. 'काली मिर्च' शब्द में समास है-
(A) बहुव्रीहि (B) द्वन्द्व
(C) तत्पुरुष (D) कर्मधारय (D)

1. ईश्वर में विश्वास करने वाले को कहा जाता है?
(1) आस्तिक (2) नास्तिक
(3) भक्त (4) उक्त कोई नहीं (1)

2. प्रत्युपकार शब्द में कौनसा उपसर्ग है?
(1) प्र (2) प्रत्यु
(3) परि (4) प्रति (4)

3. मुख शब्द में सम उपसर्ग लगाने से बनेगा?
(1) संमुख (2) सम्मुख
(3) षडमुख (4) सनममुख (2)

4. लम्बोदर में कौनसा समास है?
(1) तत्पुरुष (2) बहुब्रीहि
(3) द्विगु (4) कर्मधारय (2)

5. देवालय में कौनसा समास है?
(1) तत्पुरुष (2) बहुब्रीहि
(3) द्विगु (4) इनमें से कोई नहीं(1)

6. सूरज का पर्यायवाची है –
(1) अंशुमाली (2) आदित्य
(3) भास्कर (4) उक्त सभी (4)

7. दास का समानार्थी है –
(1) किन्नर (2) सेवक
(3) नायक (4) इनमें से कोई नहीं (2)

8. नैसर्गिक का विलोम है-
(1) सामयिक (2) कृत्रिम
(3) चमत्कार (4) उक्त कोई नहीं (2)

9. ऊँची दुकान फीका पकवान मुहावरे का अर्थ है-
(1) पकवान फीका होना
(2) बिना लाभ के काम करना
(3) आडम्बर अधिक, वास्तविकता कम
(4) उपरोक्त सभी (3)

10. बहती गंगा में हाथ धोना का सही अर्थ है –
(1) समय का लाभ उठाना (2) नहाना
(3) समुद्र में तैरना (4) पूजा करना (1)

11. आधुनिक का विलोम है –
(1) प्राचीन (2) वर्तमान
(3) समीचीन (4) निर्वाचित (1)

12. भोला का विलोम है –
(1) चालाक (2) तेजस्वी
(3) बुद्धिमान (4) चंचल (1)

13. गंगा का पर्यायवाची है –
(1) भैरवी (2) सुरसरि
(3) अम्बिका (4) उक्त कोई नहीं (2)

14. कौनसी कहावत प्रचलित है –
(1) चोर-चोर चचेरे भाई
(2) चचेरे भाई चोर-चोर
(3) चोर-चोर मौसेरे भाई
(4) इनमें से कोई नहीं (3)

15. आग में घी डालना का अर्थ है –
(1) क्रोध में पागल हो जाना
(2) क्रोध को और अधिक भड़काना
(3) हवन करना
(4) इनमें से कोई नही (2)

16. पूर्ण विराम का चिह्न है –
(1) । (2) ! (3) ? (4) ; (1)

17. खरा-खोटा शब्द में कौनसा समास है?
(1) द्वंद्व (2) द्विगु
(3) कर्मधारय (4) बहुब्रीहि (1)

18. विराम चिह्न लगाने से –
(1) भाषा में सुन्दरता आती है
(2) भाषा में स्पष्टता आती है
(3) भाषा के भाव को समझने में सरलता रहती है
(4) उक्त सभी (4)

19. कीर्ति शब्द का सही अर्थ है?
(1) यश (2) रचना
(3) कीर्तन (4) निपुण (1)

20. मुँह में राम बगल में छुरी का प्रयोग होता है?
(1) कपटी के लिए (2) ठग के लिए
(3) शैतान के लिए (4) उक्त कोई नहीं (1)

21. कौनसा शब्द शुद्ध है?
(1) भागीरथि (2) भगिरथी
(3) भागीरथी (4) भगोरथी (3)

22. फाग का अर्थ व्यक्त करने के लिए कौनसा शब्द शुद्ध है?
(1) आग (2) होली
(3) मल्हार (4) शास्त्रीय संगीत (2)

23. सरल का विलोम है –
(1) कठोर (2) सीधा
(3) कठिन (4) उक्त कोई नहीं (3)

24. अव्ययी भाव समास का सही उदाहरण है –
(1) धीरे-धीरे (2) नील-कमल
(3) चौराहा (4) माता-पिता (1)